भारत सरकार

मानव संसाधन विकास मंत्रालय

उच्चतर शिक्षा विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 3432

उत्तर देने की तारीख: 15.07.2019

केंद्रीय विश्वविद्यालय के लिए अनुरोध

3432. श्री राजू बिष्टः

क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को दार्जिलिंग में एक केंद्रीय विश्वविद्यालय की स्थापना जो कि क्षेत्र के लोगों की एक लम्बे समय से की जा रही लंबित मांग है के लिए कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ख) इस मुद्दे पर सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

मानव संसाधन विकास मंत्री

(श्री रमेश पोखरियाल 'निशंक')

(क) और (ख): जी, नहीं। इस समय, दार्जिलिंग में नया केंद्रीय विश्वविद्यालय खोलने का कोई प्रस्ताव नहीं है। 12वीं योजना (2012-17) के दौरान, उच्चतर शिक्षा प्रणाली को समेकित करने पर जोर दिया गया है, जैसाकि राष्ट्रीय विकास परिषद (एनडीसी) ने अनुमोदित किया है। विस्तार नई संस्थाओं की स्थापना के स्थान पर मौजूदा संस्थाओं की क्षमता को बढ़ाकर किया जाना है। केंद्र सरकार ने लागत साझा करने के आधार पर राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान (रूसा) की शुरूआत की है, ताकि नई संस्थाएं खोलने में राज्यों की सहायता की जा सके। इसके अलावा, 'शिक्षा' समवर्ती सूची में है, राज्य सरकारें अन्य निजी विश्वविद्यालयों/संस्थाओं सहित अपने राज्य में उच्च शिक्षा तक पहुंच बढ़ाने के लिए विभिन्न कदम उठाते हैं।

*****